AIR INDIA

MEDIA RELEASE

# एअर इंडिया और एयरबस ने गुरूग्राम स्थित एअर इंडिया ट्रेनिंग एकेडमी में स्थापित किया आधुनिक पायलट प्रशिक्षण हब

- यह नई युनिट भारत में तेज़ी से विकसित होते कमर्शियल एविएशन को समर्थन देने के लिए अगले दशक के दौरान 5000 नए पायलट्स को प्रशिक्षित करेगी
- इस युनिट में पायलट्स को एयरबस ए320 और ए350 एयरक्राफ्ट्स फैमिलीज़ के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा; इसके कोर्सेज़ डीजीसीए और ईएएसए द्वारा अनुमोदित हैं

**गुरूग्राम, 30 सितम्बर, 2025:** एअर इंडिया और एयरबस ने हरियाणा के गुरूग्राम स्थित एअर इंडिया ट्रेनिंग एकेडमी में आधुनिक पायलट प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया। यह आधुनिक युनिट भारत में तेज़ी से विकसित होते कमर्शियल एविएशन को समर्थन देने के लिए अगले दशक के दौरान 5000 नए पायलट्स को प्रशिक्षित करेगी।

50:50 के इस संयुक्त उद्यम का उद्घाटन माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू ने किया। इस अवसर पर क्रिस्टियन शेरेर, सीईओ, कमर्शियल एयरक्राफ्ट, एयरबस, कैम्पबैल विल्सन, एमडी एवं सीईओ, एअर इंडिया तथा टाटा ग्रुप, एअर इंडिया एवं एयरबस से अन्य प्रतिनिधी मौजूद रहे।

1200 वर्गमीटर में फैले इस नए सेंटर में 10 फुल फ्लाइट सिमुलेटर्स तथा आधुनिक क्लासरूम एवं ब्रीफिंग रूम होंगे। इस युनिट में पायलट्स को एयरबस ए320 और ए350 एयरक्राफ्ट्स फैमिलीज़ के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा और इसके कोर्सेज़ डीजीसीए और ईएएसए द्वारा अनुमोदित हैं। वर्तमान में इस सेंटर में एयरबस ए320 फैमिली एयरक्राफ्ट के लिए दोफुल फ्लाइट सिमुलेटर्स हैं। आने वाले समय में शेष छह ए320 सिमुलेटर और दो ए350 सिमुलेटर भी इंस्टॉल किए जाएंगे।

**जुरगेन वेस्टरमेयर, प्रेज़ीडेन्ट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एयरबस इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा,** ''इस महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के लिए हमें एअर इंडिया और टाटा ग्रुप के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। नए प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन भारतीय विमानन के भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह एक संयुक्त उद्यम से कहीं बढ़कर है, यह भारत के एरोस्पेस उद्योग

के भविष्य में सामरिक निवेश है। भारत एयरबस के लिए स्ट्रैटेजिक पावरहाउस है और यह आधुनिक युनिट इसी क्षमता में हमारे भरोसे की पुष्टि करती है।''

**कैम्पबैल विल्सन, एमडी एवं सीईओ, एअर इंडिया ने कहा,** *''एअर इंडिया 570 नए विमानों के ऑर्डर के साथ विस्तार की प्रक्रिया में है। गुरूग्राम में हमारी एविएशन ट्रेनिंग एकेडमी में एयरबस के सहयोग से नए पायलट ट्रेनिंग सेंटर का लॉन्च पायलटों को प्रशिक्षित एवं अपस्किल करने में मदद करेगा, जिससे एअर इंडिया की विश्वस्तरीय एयरलाईन बनने की महत्वाकांक्षा को गति मिलेगी। यह युनिट हमारी बदलाव की यात्रा में बड़ा कदम है, जो एअर इंडिया और भारतीय विमानन उद्योग को अधिक आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देगा। हमारे पार्टनर एयरबस के सहयोग से हम ऐसा एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में योगदान दे रहे हैं जो भारत को दुनिया के सबसे तेज़ी से विकसित होते विमानन बाज़ारों में से एक बनाने के लिए ज़रूरी है।''*

इस प्रशिक्षण केन्द्र के साथ एअर इंडिया देश भर से अपने पायलट प्रशिक्षण इन्फ्रास्ट्रक्चर को गुरूग्राम की एविएशन ट्रेनिंग एकेडमी में शामिल कर रही है।

एअर इंडिया एविएशन ट्रेनिंग एकेडमी दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी एविएशन ट्रेनिंग एकेडमी है। इसकी स्थापना 2024 में की गई थी और वर्तमान में यह रोज़ाना 2000 से अधिक एविएशन प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षित करती है। उम्मीद है कि अगले कुछ सालों में यह एकेडमी पायलट्स, केबिन क्रू, ग्राउंड हैण्डलिंग, इंजीनियरिंग, सिक्योरिटी स्टॉफ सहित 50,000 से अधिक एविएशन प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षित करेगी। विश्वस्तरीय उपकरणों, आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ यह प्रशिक्षण एकेडमी वर्तमान में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उद्योग जगत का सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण प्रदान करती है।

एविएशन एकेडमी में एसईपी (सुरक्षा एवं एमरजेन्सी प्रक्रियाओं) पर गहन प्रशिक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ उपकरण हैं जो केबिन क्रू को सर्विस ट्रेनिंग, ग्रूमिंग, वॉइस एवं एक्सेन्ट ट्रेनिंग देते हैं। ग्राउंड एवं सिक्योरिटी स्टाफ की ट्रेनिंग में कई महत्वपूर्ण फंक्शन्स जैसे डिपारचर कंट्रोल, कस्टमर सर्विस, एयरपोर्ट सिक्योरिटी एवं रिफ्रेशर्स का प्रशिक्षण शामिल है।

इसके अलावा एअर इंडिया महाराष्ट्र के अमरावती में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एफटीओ (फ्लाइंग ट्रेनिंग ओर्गेनाइज़ेशन) भी स्थापित कर रही है। अमरावती के बेलोरा एयरपोर्ट पर डीजीसीए–द्वारा लाइसेंस प्राप्त एफटीओ हर साल 180 कमर्शियल

पायलट्स को ग्रेजुएट करेगा, जिससे एअर इंडिया फ्लीट के विस्तार के साथ पायलट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

बैंगलुरू में एअर इंडिया की नई मेंटेनेन्स, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) युनिट के नज़दीक एक नया बेसिक मेंटेनेन्स ट्रेनिंग ओर्गेनाइज़ेशन भी आ रहा है, जिसका संचालन वित्तीय वर्ष 27 में शुरू हो जाएगा। बीएमटीओ, डीजीसीए द्वारा सर्टिफाइड दो वर्षीय इंटीग्रेटेड एयरक्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियरिंग प्रोग्राम पेश करेगा, जिसके बाद एमआरओ में दो साल की प्रेक्टिकल ऑन–जॉब ट्रेनिंग होगी।

**About Air India group**

The Air India group – comprising of full-service global airline Air India and low-cost regional carrier Air India Express – is spearheading a new era of Indian aviation. The Air India story began in 1932 when JRD Tata piloted the airline's inaugural flight and opened the skies for aviation in India. Today, Air India group employs more than 30,000 people, operates over 300 aircraft and carries customers to 55 domestic and 45 international destinations across five continents.

Returning to the Tata Sons in 2022 following 70 years under Government ownership, Air India group is in the midst of a five-year transformation program, Vihaan.AI. As part of the transformation, Air India has placed an order for 570 new aircraft. In 2024, sister airlines Air Asia India and Vistara were successfully merged into Air India Express and Air India, respectively, and the Airline opened South Asia's largest aviation training academy. A new flying school is scheduled to open in 2025, and construction of a greenfield maintenance base, to be operational in 2026, is underway. In addition to receiving new aircraft, all existing aircraft are progressively undergoing a full interior refit.

With transformation underway across all facets of the business and India's rich legacy of hospitality, Air India is committed to being a world class global airline with an Indian heart.

For more stories on Air India, visit http://www.airindia.com/newsroom

**PRESS CONTACTS**

**Air India**
Ravi Teja Sharma
raviteja.sharma@airindia.com